संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, रॉंची

सत्र 2020–21

कक्षा–7 विषयः– हिन्दी पुस्तक– मंथन

पाठ 3– शह और मात

अभ्यास

मौखिक

प्रश्न 1. गाँव के चौधरी ने सेठ को क्या बेचा?

उत्तर. गाँव के चौधरी ने सेठ को लकड़ियाँ बेची।

प्रश्न 2. सेठ अपनी किस बात पर अड़ा रहा?

उत्तर. सेठ ने लकड़ियों के साथ पूरी बैलगाड़ी देने पर अड़ा रहा।

प्रश्न 3. दूसरे दिन चौधरी के बेटे ने क्या किया?

उत्तर. दूसरे दिन चौधरी के बेटे ने सेठ से बदला लेने के लिए लकड़ियों को बेचने उसी नगर में गया ।

प्रश्न 4. सेठ को गाड़ी का दाम बताकर चौधरी ने लड़के ने मन ही मन क्या सोचा?

उत्तर. सेठ को गाड़ी का दाम बताकर चौधरी ने मन ही मन सोचा कि यह वही सेठ है जिसकी उसे तलाश थी।

प्रश्न 5. मुट्ठी पर हँसिए का रगड़ा पड़ने पर सेठ ने गाड़ीवाले से क्या कहा?

उत्तर. मुट्ठी पर हँसिए का रगड़ा पड़ने से सेठ ने उससे कहा कि गलती हुई है उसे वह माफ़ कर दे, उसपर दया करे।

प्रश्न 6. चौधरी के बेटे ने सेठ को क्या दंड दिया?

उत्तर. चौधरी के बेटे ने सेठ से पाँव में पगड़ी रखकर सात बार नाक रगड़ने का दंड दिया।

लिखित

प्रश्न 1. सेठ ने चौधरी को गाड़ी और बैलों की कितनी कीमत चुकाई?

उत्तर. सेठ ने चौधरी को गाड़ी और बैलों की कीमत पाँच रूपए चुकाई।

प्रश्न 2. कौन पाँव घिसटता हुआ हवेली से निकला और गाँव की ओर चल दिया?

उत्तर. बूढा चौधरी पाँव घिसटता हुआ हवेली से निकला और गाँव की ओर चल दिया ।

प्रश्न 3. सेठ ने दोनों मुट्ठियों में क्या बंद किया?

उत्तर. सेठ ने दोनों मुट्ठियों में एक-एक टका बंद किया।

प्रश्न 4. सेठ ने कितनी बार जमीन पर नाक रगड़ी?

उत्तर. सेठ ने सात बार जमीन पर नाक रगड़ी।

प्रश्न 5. कौन दोनों बैलगाडियाँ अपने साथ लेकर गाँव लौटा?

उत्तर. बूढा चौधरी का छोटा बेटा दोनों बैलगाड़ियाँ अपने साथ लेकर गाँव लौटा ।

दीर्घउत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. "मेरे समझने में भूल हो गई। मैंने तो लकड़ियों का मोल बताया था।" ये शब्द किसने कहे तथा क्यों ?

उत्तर. यह शब्द बूढ़े चौधरी के है । उसने सेठ से कहा क्योंकि उसने तो पाँच रूपए लकड़ी की कीमत बताई थी पर सेठ पाँच रूपए में पूरी गाड़ी लकड़ी सहित लेने के लिए चौधरी पर दबाव बना रहा था। वह बूढ़े चौधरी को अपनी गाड़ी नहीं ले जाने दे रहा था। इस कारण बूढ़ा चौधरी सेठ से बात पर अपना पक्ष रख रहा था और गाड़ी को देने के लिए मना कर रहा था।

प्रश्न 2. ''चौधरी के बेटों को किस कारण कोध आया? उन्होनें कोधवश होकर क्या कहा?

उत्तर. बूढ़ा चौधरी को सेठ द्वारा ठगा गया। साथ ही उसे पैदल ही गाँव पर बिना बैलगाड़ी के आना पड़ा। यह देखकर उसके चारों बेटों को सेठ पर बहुत कोध आया। वे उस सेठ से तुरंत ही बदला लेने की बात कही। पर छोटा बेटे ने कहाँ कि सेठ से वह अकेला ही निपट सकता है। सेठ से निपटने के लिए वह सेठ का तरीका ही अपनाने की बात कही।

प्रश्न 3. चौधरी के बेटे ने सेठ से किस प्रकार बदला लिया?

उत्तर. चौधरी के बेटे ने सेठ के नगर में दुबारा एक गाड़ी लकडी लेकर गया और उसकी कीमत दो मुट्ठी टक्के बताए। जब सेठ अपनी दोनो मुट्ठियों में एक एक टके लेकर आया तो लड़के ने उसकी मुट्ठी पकड़ ली तथा हसिए रगड़ने लगा जैसे वह उसे काट लेगा। यह देखकर सेठ डर गया। जब उसके लड़के ने सेठ की जबान की याद दिलाई तो सेठ को अपनी गलती पर पछतावा हुआ। वह सेठ से अपनी बैलगाडी, पाँच सौ रूपए के साथ सेठ की पगडी रखकर सात बार नाक रगडवा कर सेठ से बदला लिया।

<u>पठित गद्यांश</u>

<u>प्रश्न 1.</u>

क. सेठ ने बूढे चौधरी को गाड़ी का क्या दाम बताया?

उत्तर– पाँच रूपए

ख. उपहास का क्या अर्थ है?

उत्तर– अपमान, निरादर, उपेक्षा

ग. चौधरी के चौथे बेटे में कौन सा गुण थाा?

उत्तर– बुद्धिमानी

घ. चौधरी का बेटा शहर जाकर किससे मिला?

उत्तर– सेठ से

ड. चौधरी ने गाड़ी में रखी तमाम **<u>लकड़ियाँ</u>** निकालकर आँगन में रख दी?

प्रश्न 3– किसने किससे कब और क्यों कहा?

क. ''खबरदार, गाड़ी और बैलों को हाथ मत लगाना।''

उत्तर– सेठ ने बूढ़े चौधरी से कहा, जब वह लकड़ी रखकर गाड़ी लेकर हवेली से निकलने वाला था, क्योंकि सेठ गाड़ी को भी लकड़ियों से साथ हड़पना चाहता था।

ख. ''बैलगाड़ी तो ठिकाने लगी।''

उत्तर– बूढ़े चौधरी ने अपने बच्चों से कहा। जब वह बिना गाड़ी के पैदल ही अपने गाँव आया तो लड़को ने उनसे गाड़ी के संबंध में पूछताछ की तब बूढ़े चौधरी ने खींझकर बच्चों से कहा।

ग. ''एक ही बात बता दूँ कि गाड़ी के दो मुट्ठी टके लूँगा ।''

उत्तर– बूढ़े चौधरी के छोटे बेटे ने सेठ से कहा। वह सेठ को अपनी लकड़ी बेच रहा था और उसके लिए उसे उसका मोल बताना आवश्यक था।

घ. ''गाड़ी के साथ दंड के पाँच सौ रूपए भी दूँगा।''

उत्तर– सेठ ने चौधरी के बेटे से कहा। क्योंकि सेठ की मुट्ठियों को भी चौधरी का बेटा काटकर ले जाना चाहता था वह उसपर हँसिया रगड़ रहा था।

PRACTICE PAPER

1.शब्दार्थः–

बखत– वक्त, टंटा– झगडा–फसाद, बरकत–सम्पन्नता, सुजान– बुद्धिमान, ठेठ–निरा, ऑकडी–जिद्द, मुफीद–लाभदायक, गावदी–बेवकूफ, बोहनी–किसी दिन की पहली बिकी, उपहास–मजाक

2.लघु उत्तरीय प्रश्नः–

नोट– बच्चों, प्रश्न संख्या क,ख और ग का उत्तर ऊपर दिए जा चुके हैं। अभ्यास प्रश्न देखिए।

प्रश्न घ. चौधरी का बेटा शहर जाकर किससे मिला?
उत्तर– चौधरी का बेटा शहर जाकर उसी सेठ से मिला, जिसने उसके पिता को ठगा था।

प्रश्न ङ. सेठ ने बूढ़े चौधरी को गाड़ी का क्या दाम बताया?
उत्तर– सेठ ने बूढ़े चौधरी को गाड़ी का दाम पाँच रूपए बताया।

3. दीर्घ उत्तरीय प्रश्नः–

नोट– बच्चों, प्रश्न संख्या क,ख,ग,घ और ड का उत्तर ऊपर दिए जा चुके हैं। अभ्यास प्रश्न देखिए।

4. किसने,किससे,कब और क्यों कहा ?

नोट– बच्चों, प्रश्न संख्या क,ख और ग का उत्तर ऊपर दिए जा चुके हैं। अभ्यास प्रश्न देखिए।